वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 56 शुक्रवार 20 जून 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### आरटीयू के नव निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना हो: राज्यपाल

**जयपुर. कासं**

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना होना चाहिए। स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सिर्फ किताबी पाठ्यक्रम के आधार पर नहीं वरन् व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर शिक्षा दी जाए ताकि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो सके। बागडे गुरुवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार के लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय का नया प्रवेश द्वार बनने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का सही परिचय वहां प्रदान की जा रही शिक्षा से होता है। प्राचीन समय में गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुलों में विविध भाषाओं एवं विषयों की अभ्यास




आधारित शिक्षा दी जाती थी। उस जमाने में डिग्री वाले इंजीनियर नहीं होते थे लेकिन वे तकनीकी दृष्टि से इतने दक्ष थे कि मजबूत इमारतें बनाते थे। वहां विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति को बढ़ाते हुए ज्ञान दिया जाता था। बागडे ने कहा कि विकसित प्रौद्योगिकी से जीवन की जटिलताओं के समाधान में मदद मिलती है। तकनीकी शिक्षा व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाते हुए उसे समाज में उच्चतम स्तर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने तकनीकी विश्वविद्यालयों का आव्हान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण प्रौद्योगिकी का विकास कर विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाएं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए स्कूलों में खेल मैदान अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल मैदान नहीं होंगे तो बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता विकसित करने पर आधारित है। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के. सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार धौलपुर के लाल रंग के पत्थरों से बनाया गया है और यह राजस्थान की वास्तुकला को भी दर्शाता है। यह प्रवेश द्वार संस्थान की परम्परा एवं गरिमा के साथ आधुनिकता का भी प्रतीक है। इस प्रवेश द्वार से ज्ञान के मंदिर में प्रवेश करते हुए विद्यार्थी सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। लोकार्पण के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

# जयपुर बन सकेगा वैश्विक समाधानों का केंद्र

### केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- यहां से जॉब सीकर्स नहीं, जॉब क्रिएटर्स तैयार होने चाहिएं...



**जयपुर. कासं।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहुंचे। यहां उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय परिसर की भव्य वास्तुकला की प्रशंसा करते हुए प्रधान ने उच्च शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की उपलब्धियों को सराहा। अपने संबोधन में उन्होंने राजस्थान की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि देश की एकता और संप्रभुता की प्रतीक रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगतिशील पहलों की भी सराहना की। प्रधान ने कहा कि मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को केवल एक अकादमिक और शोध संस्थान ही नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान का केंद्र बनना चाहिए। यहां से जॉब सीकर्स नहीं, जॉब क्रिएटर्स तैयार होने चाहिए। शैक्षणिक प्रयासों को समाज की जरूरतों से जोड़ा जाना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण कर विकास और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।

# जयपुर में हुई एलजीबीटीक्यू प्लस प्राइड कार रैली

### प्राइड मंथ के तहत राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर से शुरू हुआ काफिला, सजी-धजी कारों के साथ पहुंचे लोग



**जयपुर. कासं।** जयपुर में देश की पहली एलजीबीटीक्यू प्लस प्राइड कार रैली का आयोजन किया गया। प्राइड मंथ के अवसर पर रेनबो राएट और वसुधा जन विकास संस्थान द्वारा आयोजित इस रैली ने न केवल जयपुर बल्कि पूरे भारत में समावेशन और समानता के आंदोलन को नई दिशा दी। रैली को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), झालाना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरते हुए यह कारवां एनआरआई सर्किल, प्रतापनगर तक गया और फिर वापस आरआईसी पहुंचकर संपन्न हुआ। एलजीबीटीक्यू प्लस थीम पर सजी रंग-बिरंगी कारों और उत्साह से भरपूर प्रतिभागियों ने रैली को एक जीवंत और सशक्त रूप दिया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों – डॉक्टर्स, वकील, पुलिस, मनोचिकित्सक, कलाकार, और कार्यकर्ताओं– का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व रहा। रेनबो राएट फेस्टिवल-2025 के इस पहले दिन की सफलता ने आयोजकों को और अधिक ऊर्जा से भर दिया है। कार्यक्रम की निदेशक मोना शर्मा और डायरेक्टर शशांक वर्मा ने बताया कि यह तीन दिवसीय फेस्टिवल एक सशक्त संवाद, जागरूकता और जश्न का मंच बनेगा।

# सीए वीर अनिल जैन कोसामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु मिला JCAF ( JAIN CHARTERED ACCOUNTANTS FEDERATION) का प्रतिष्ठित सम्मान



मुंबई। महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी चेहरा, सीए वीर अनिल जैन को 15 जून 2025, रविवार को जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फेडरेशन (JCAF) द्वारा मुंबई में आयोजित उनके स्थापना दिवस समारोह में सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए JCAF अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।यह सम्मान वीर अनिल जैन को समाज में उनके दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार से भरपूर पहलों और वर्षों से किए जा रहे समर्पित सेवाकार्यों के लिए प्रदान किया गया। उनकी सोच ने सामाजिक बदलाव को आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए लाखो लोगों को नई दिशा दी है।महावीर इंटरनेशनल परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और माना है कि यह सम्मान संस्था के सेवा संकल्प को और मजबूत करेगा।

# हल्दीघाटी सार्द्ध चतुः शती समारोह शुरू





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप गौरव केंद्र राष्ट्रीय तीर्थ के तत्वाधान में हल्दीघाटी युद्ध विजय के 450 वें वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुः शती समारोह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध केवल ऐतिहासिक संघर्ष नहीं, बल्कि स्वतंत्रता,आत्मा बलिदान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। यह समारोह नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का प्रयास भी है। इस अवसर पर संयोजक महावीर चपलोत, प्रताप गौरव केंद्र निदेशक अनुराग सक्सेना, महामंत्री पवन शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इससे पहले भारतीय इतिहास की गौरवशाली धरोहर मेवाड़ की आत्मा अभिमानी परंपरा और वीरता के प्रति महाराणा प्रताप विजय गाथा को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप की अश्वारूढ प्रतिमा पर पुष्पांजली कर समारोह का आरंभ किया गया। इसके बाद 8:00 बजे से हल्दीघाटी के खेड़ा देवी मंदिर में राष्ट्र चेतना यज्ञ हुआ जिसमें मुख्य यजमान उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत व उनकी धर्मपत्नी रजनी सहित कुल सात यजमान यज्ञ में सम्मिलित हुए हल्दीघाटी विजय संदेश यात्रा में मेवाड़ के आराध्य देव भगवान एकलिंगनाथजी की झांकी, हल्दीघाटी माटी के कलश और विजय ध्वज के साथ दोपहर 2:00 बजे हल्दीघाटी से उदयपुर शहर के लिए महाराणा प्रताप के शौर्य गीतों, गाथाओं व कई वाहनों के साथ आरंभ हुई। यात्रा के संपूर्ण मार्ग में ग्रामवासियों ने और उदयपुर शहर में प्रवेश पर स्वागत एवं पुष्प वर्षा की गई. शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जगदीश चौक में भगवान एकलिंगनाथजी की आरती और आतिशबाजी भी हुई। यात्रा के समापन पर हल्दीघाटी की माटी का कलश और ध्वज प्रताप गौरव केंद्र परिसर में स्थापित किया गया। प्रताप गौरव केंद्र निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 18 से 25 जून तक समारोह का प्रथम सोपान के दौरान दो कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें एक चित्रकला कार्यशाला पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र व संस्कार भारती के सहयोग से होगी. इस कार्यशाला में 25 चित्रकार मेवाड़ी चित्रशैली की विविधताओं को कैनवास पर उकेरेंगे. जिनमें महाराणा प्रताप का जीवन, युद्ध दृश्य एवं मेवाड़ के लोकजीवन को दर्शाया जाएगा। वहीं, दूसरी कार्यशाला आईसीएचआर व साहित्य संस्थान राजस्थान विद्यापीठ के सहयोग प्राचीन भारतीय लिपि आधारित रहेगी। यह कार्यशाला ब्राह्मी लिपि एवं इसकी विकसित रूपों पर केंद्रित है। इस कार्यशाला की शुरूआत प्रतिभागियों को अशोककालीन ब्राह्मी लिपि से परिचित कराने एवं उसका शिक्षण देने से हुई। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागी अशोक के अभिलेख का पठन करना भी सीखेंगे। वर्ष भर चलने वाले समारोह के अंतर्गत सभ्यता अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के सहयोग से देश के हर राज्य में हल्दीघाटी युद्ध पर संगोष्ठियों की योजना भी हैं। इसके अलावा विद्यालय और महाविद्यालयों में भी शेक्षणेतर गतिविधियों के रूप में चित्रकला, रंगोली भाषण व आशुभाषण प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी. ताकि युवाओं में महाराणा प्रताप के चरित्र और मूल्यों का समावेश किया जा सके। इसी कड़ी में इस वर्ष का दिवेर विजय महोत्सव भी इस समारोह का हिस्सा होगा। समारोह का विराट समापन अगले वर्ष 26 जून 2026 को होगा।

रिपोर्ट/फोटो : यौवन्तराज माहेश्वरी

# रिलायन्स ज्वैल्स देश भर में लेकर आया बिग बैंगल फेस्ट, लुभावने ऑफर्स के साथ

## सात जुलाई 2025 तक गोल्ड बैंगल्स के मेकिंग चार्ज पर 50% और डायमण्ड बैंगल्स पर 35% छूट का लाभ उठाएं



**मुंबई. शाबाश इंडिया।** भारत के सबसे भरोसेमंद एवं सबसे पसंदीदा ज्वैलरी रीटेलरों में से एक रिलायन्स ज्वैल्स ने शादियों एवं त्योहारों के आगामी सीजन को देखते हुए बिग बैंगल फेस्ट के लॉन्च की घोषणा की है। उपभोक्ता इस लिमिटेड-टाईम फेस्टिव ऑफर के तहत गोल्ड बैंगल्स के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50% और डायमण्ड बैंगल्स पर 35% छूट (डायमण्ड की कीमत और मेकिंग चार्ज दोनों को मिलाकर) का लाभ उठा सकते हैं। यह शानदार ऑफर रिलायन्स ज्वैल्स के सभी स्टोर्स में एवं ऑनलाईन 7 जुलाई 2025 तक बैंगल्स की खरीद पर उपलब्ध है। उपभोक्ता शादियों, राखी के उपहारों और त्योहारों की खरीददारी के लिए तैयार हैं, ऐसे में रिलायन्स द्वारा लाया गया यह फेस्ट एक ऐसे खजाने के रूप में बैंगल्स का जश्न मनाता है, जो पीढ़ियों से परम्परा को स्टाइल के साथ जोड़ रहा है। बैंगल्स यानि चूड़ियां भारतीय वार्डरोब का अभिन्न हिस्सा रही हैं, जो हर उम्र, हर मौके और हर किसी के स्टाइल के साथ जंचती हैं। बिग बैंगल फेस्ट ब्राण्ड को उपभोक्ताओं की इसी भावना के साथ जोड़ता है, साथ ही उन्हें सोने एवं हीरे के आभूषणों में निवेश का मौका भी देता है।


# निवाई मे जैन मुनि एवं 7 आर्यिका माताजी का हुआ मंगल प्रवेश



**निवाई. शाबाश इंडिया।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि अरह सागर महाराज एवं भारत गौरव गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी संघ का निवाई शहर में गाजे बाजे से मंगल प्रवेश हुआ। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य जैन मुनि अरह सागर महाराज एवं आचार्य निर्मल सागर महाराज की शिष्या गणिनि आर्यिका विशुद्ध मति माताजी एवं आर्यिका विज्ञमति माताजी संघ का समाज के तत्वावधान में मंगल पदार्पण हुआ। इसके बाद गाजे बाजे से भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पहुंचें। जहां आर्यिका माताजी संघ एवं मुनि संघ ने भगवान शांतिनाथ जी के दर्शन किए। जौंला ने बताया कि दोनों जैन संतों ने धर्म सभा को संबोधित किया।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुरेन्द्र पांडया का सम्मान





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

झांझीपुरा, बसवा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में आयोजित मानस्तंभ व पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान जयपुर के महावीर नगर निवासी सुरेन्द्र कुमार-मृदुला पांडया को विधि नायक के रूप में आदिनाथ भगवान को प्रतिष्ठा करने का पुण्यार्जन मिला। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यों व मूर्ति स्थापित करने के लिए उपाध्याय श्री वषार्भानंद जी महाराज के सानिध्य में पांडया दंपती को प्रशस्ति देकर सम्मान किया। सम्मान झांझीपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल कुमार जैन व अन्य ने किया।

# जेएसजी- मेवाड़ रीजन द्वारा आयोजित बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में संस्कार ग्रुप की होगी भागीदारी

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

बंधुत्व, खेल भावना और टीमवर्क को प्रोत्साहित करते हुए जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन - मेवाड़ रीजन द्वारा तीन दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है ' इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वास्थ्य, समरसता और एकता को खेल के माध्यम से बढ़ावा देना है। यह टूर्नामेंट 20 जून 2025 को शानदार उद्घाटन समारोह के साथ प्रारंभ होगा, जिसमें अलग-अलग स्पान्सर्स की 39 टीमें भाग लेंगी। जिनमें जेएस जी समता



टीम की स्पॉन्सरशिप ग्रुप की अध्यक्ष डॉक्टर प्रमिला जैन होंगी। खेलमय वातावरण में सभी टीमें अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैदान में उतरेंगी। हर्ष का विषय है कि इस प्रतियोगिता में ₹जेएस जी संस्कार₹ ग्रुप की टीम भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग ले रही है। संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र कोठारी ने बताया कि संस्कार टीम का उद्देश्य न केवल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है, बल्कि आदर्श खेल भावना और सहयोग की मिसाल पेश करना भी है। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने संस्कार गुप की टीम का गठन कर सी ए कमल कोठारी को टीम का कैप्टन बनाया उन्होंने अपनी टीम का गठन किया जिसमें कमल कोठारी कैप्टन, रौनक कोठारी, आशीष जारौली, बंकेश सोनी, अंकित वर्डीय़ा, प्रांशु धुप्या, प्रतीक मेहता, रितिका वर्डीय़ा व इशिता मेहता इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सचिव जितेंद्र धाकड़ ने ग्रुप की ओर से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# वेद ज्ञान

## स्वार्थी की दुर्गति निश्चित है

परमात्मा से सदैव यह प्रार्थना करो कि हे परमात्मा! मेरे जीवन का ये फूल सदैव जीवनरूपी पेड़ की डाली पर लगा हुआ महकता रहे, खुद प्रसन्न रहे और खुशी लुटाता रहे, यह खिला रहे व सबको खिलाता रहे, चहुंओर सुगन्ध लुटाता रहे। डाली पर हंसते मुस्कुराते हुए एवं लोगों को सुख पहुंचाते हुए ये झड़ जाए, प्रभु! इस पर आपकी ऐसी कृपा हो जाए। आपसे हमारी विनती है कि यह जीवन-पुष्प सड़े नहीं, गले नहीं, बिखरे नहीं। हंसते-मुस्कुराते हुए सभी को अपनी खुशबू लुटाते हुए इसकी पत्तियां झड़ भी जाएं, जीवन की सांस रुक भी जाय, यह सांसें बिखर भी जाएं, तो भी कोई चिन्ता की बात नहीं। बस! इतना कर देना कि अन्त तक मेरे जीवन-पुष्प की खुशबू हवा में फैलती रहे, मेरे चिन्तन, आचरण, व्यवहार और कर्मों की सुवास का लाभ मेरी अन्तिम सांस तक सर्वसाधारण को मिलता रहे। बन्धुओं, सदैव कामना करना कि परमात्मा आपको इस लायक बनाए रखे कि आपके द्वारा लोगों की सेवा होती रहे। यहां एक बात आपसे अवश्य कहूंगा कि कृत-सेवा से कभी किसी फल की कामना और आशा मत करना। हमेशा यह कामना करना कि मैं दूसरों को तो दूं, पर लेने के लिए कभी किसी के सामने हाथ आगे न फैलाऊं। आप कहना, हे भगवान! इस दुनिया में मैं दाता बनकर जीवित रहूं, याचक बनकर, भिखारी बनकर कभी न जिऊं। प्रभु से प्रार्थना करना कि मेरे परमात्मा, ये मेरी आंखें जब तक इस संसार में रहें, तेरी लीला देख देखकर प्रसन्नता का अनुभव करती रहें। किसी के ऐब देखने में, किसी का ऐश्वर्य देखकर जलने में मेरी आंखें कभी भी व्यवहार में न आएं। मेरे कान सदैव तेरी महिमा सुनने के लिए उत्सुक हों। दूसरों की निन्दा में मेरी रुचि कभी भी न हो। ईश्वर से विनती करना कि यह वाणी तेरी महिमा के गीत गाएं, तेरी महिमा में लगे हुए बन्दों की प्रशंसा करें, लेकिन कभी किसी की निन्दा न करें तथा किसी के बढ़ते हुए कदमों को रोकने की कोशिश न करें। इस हृदय में अगर धड़कन रहे, तो तेरे प्यार की हिलोरें उठें। मेरा हृदय कत्तई संकुचित न हो, संकीर्णता मुझे छू भी न पाए, इतनी विशालता मेरे हृदय में भर देना। मैं सारा संसार इसमें समेट लूं, सबके लिए मेरा हृदय खुला रहे।

# संपादकीय

## बैठक पर गतिरोध हावी

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नियम-व्यवस्था आधारित लोकतंत्र और व्यापार पर पश्चिमी देशों के बीच आपसी सहमति की बुनियाद दरकने का एक और उदाहरण जी-7 देशों की बैठक में दिखा। कनाडा के प्रांत अल्बर्टा के कनानास्किस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मेजबानी में आयोजित जी-7 देशों की 51वीं बैठक में यह बिखराव साफ नजर आया। दो दिनों तक चली इस बैठक के कार्यक्रमों और जिन विषयों पर चर्चा होनी थी उनमें वृद्धि एवं साझा आर्थिक संपन्नता के लिए आवश्यक रकम पर आपसी साझेदारी मजबूत करना, वृद्धि के लिए एआई से जुड़ी पहल एवं महत्त्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति व्यवस्था तैयार करना और प्रवासियों की अवैध घुसपैठ आदि शामिल थे। इसके साथ ही ईरान और यूक्रेन संकट पर भी चर्चा होनी थी। मगर इन विषयों पर कोई संयुक्त बयान जारी नहीं होने से जी-7 देशों के बीच आपसी मतभेद उजागर हो गए। हालांकि, अलग-अलग विषयों पर कुछ संयुक्त बयान जरूर आए। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के साए में हुई इस बैठक के पहले ही दिन ट्रंप बैठक बीच में छोड़कर वाशिंगटन लौट गए। ट्रंप के इस निर्णय से जी-7 शिखर सम्मेलन गतिरोध का शिकार हो गया। ईरान व इजरायल के बीच जारी घमासान के दौरान इस बैठक में ''गाजा में संघर्ष विराम सहित पश्चिम एशिया में तनाव कम करने'' पर एक संक्षिप्त बयान अवश्य आया मगर इसमें ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष विराम का जिक्र नहीं था। अमेरिका की आपत्ति के बाद यूक्रेन के समर्थन में संयुक्त बयान भी हटा दिया गया। हालांकि, ट्रंप की आपत्ति के बाद जी-7 की 51वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे कनाडा की तरफ से जारी सार वक्तव्य में एक छोटा हिस्सा शामिल किया गया जिसमें ''आर्थिक प्रतिबंध सहित रूस पर अधिकतम दबाव बनाने के लिए सभी विकल्प तलाशने'' की बात कही गई। ट्रंप इस बैठक में अन्य सदस्य देशों के साथ व्यापार सौदा करना चाहते थे मगर कनाडा, जापान और यूरोपीय संघ किसी को भी अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला। कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहुंचने से सम्मेलन में कुछ जान आई और कुछ सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। बैठक में भारत-कनाडा द्विपक्षीय रिश्तों में आई खटास कम हुई। जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध बिगड़ गए थे लेकिन जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी और कार्नी की बैठक के द्विपक्षीय ताल्लुकात सुधरने की पहली संभावना नजर आई। इस दिशा में ''सोच-विचार कर उठाए गए पहले कदम'' के रूप में दोनों नेता अपने-अपने उच्चायोग दोबारा भेजने पर सहमत हो गए। दोनों प्रधानमंत्री व्यापार, दोनों देशों के बीच संबंध एवं संपर्क से जुड़े कई क्षेत्रों में वरिष्ठ एवं कार्य-स्तरीय ढांचा एवं चर्चा शुरू करने पर सहमत हुए। आने वाले समय में और भी कूटनीतिक कदम उठाए जाने की संभावना है।



**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## देश ने अमेरिका की भूमिका नकारी

कश्मीर मसले समेत पाकिस्तान से जुड़े अन्य मुद्दों पर भारत का रुख हमेशा से द्विपक्षीय बातचीत पर केंद्रित रहा है। किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया। संयुक्त राष्ट्र और कुछ अन्य देशों की ओर से कश्मीर मसले पर मध्यस्थता की पेशकश की जाती रही है, लेकिन भारत ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'आपरेशन सिंदूर' से सहमे पाकिस्तान ने भारत पर हमले का नाकाम प्रयास किया था। मगर, इससे पहले कि कार्रवाई तेज होती, दोनों देशों की सहमति से संघर्ष विराम की घोषणा कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर यह दावा किया कि अमेरिका की मध्यस्थता की बदौलत ही भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो पाया है। भारत ने इस दावे को तत्काल खारिज कर दिया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से फोन पर बातचीत में भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान के आग्रह पर ही भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी। इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा डोनाल्ड ट्रंप ने दस मई को सोशल मीडिया के जरिए की थी। उन्होंने यह दावा भी किया था कि संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर उन्होंने दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की चेतावनी दी थी। इसके बाद ट्रंप ने कई बार इस दावे को दोहराया कि अमेरिका ने ही दोनों देशों को संघर्ष विराम के लिए राजी किया। हालांकि, ट्रंप के दावे से पैदा हुई भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए सरकार ने कई दफा स्पष्ट किया कि इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा में जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लेने गए थे, जहां डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद थे। मगर, इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच सम्मेलन से इतर बातचीत नहीं हो पाई। प्रधानमंत्री ने बीते मंगलवार



को ट्रंप से फोन पर बातचीत की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के मुताबिक, इस दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों हुए संघर्ष पर भी बात हुई और प्रधानमंत्री ने दो टूक कहा कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकी थी। मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि भारत ने किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और न कभी स्वीकार करेगा। यह भी साफ किया चुका है कि अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखा जाएगा। इसमें दोराय नहीं है कि आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। भारत का यह रुख निस्संदेह पाकिस्तान के लिए भी एक कड़ा संदेश है कि अगर वह द्विपक्षीय मसलों में किसी तीसरे पक्ष को बीच में लाने का प्रयास करेगा, तो उसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सत्यनारायण बेरीवाल सर्वोच्च पद अग्ररत्न विभूषण से सम्मानित



जयपुर. शाबाश इंडिया। प्रमुख समाजसेवी, सत्यनारायण बेरीवाल को उनकी सेवाओं, समर्पण के लिए अग्रज्योति के सर्वोच्च पद अग्ररत्न विभूषण से सम्मानित किया गया। बेरीवाल को यह सम्मान सांगानेरी गेट, जयपुर स्थित अग्रवाल कॉलेज के सभागार में अग्रबंधुओं की राष्ट्रीय पाक्षिक पत्रिका अग्रज्योति के 22वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर महामण्डलेश्वर व विधायक बालमुकुन्दाचार्य महाराज, जीनस ग्रुप के चैयरमेन आईसी अग्रवाल, कैट के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र मंगोडीवाला व मार्बल व्यवसायी प्रहलाद स्वरूप अग्रवाल ने प्रदान किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप मोतियों की माला, महाजनी पगड़ी, साफा, दुपट्टा, शॉल पहनाकर व अभिनन्दन-पत्र तथा अग्ररत्न विभूषण अवार्ड दिया गया। प्रधान सम्पादक मुकेश बंसल, मुख्य समन्वयक डॉ. ओपी गुप्ता एडवोकेट व मुख्य संयोजक अरविन्द अग्रवाल आदि ने बताया कि श्री बेरीवाल जी अग्रज्योति के स्थापना से ही जुड़े हुए है। उनका निरन्तर मार्गदर्शन, आशीर्वाद सदैव अग्रज्योति को मिलता रहता है। इससे पूर्व भी बेरीवाल को अग्रज्योति द्वारा अग्ररत्न, अग्रज्योति शिरोमणी पद से नवाजा गया है। सरकार व समाज द्वारा भी आपको समय-समय पर अनेकों अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।

# पीर कल्याणी नसिया जी में आयोजित हुआ निर्वाण कल्याणक महोत्सव, आचार्य संघ का मिला सानिध्य



आगरा. शाबाश इंडिया। आचार्यश्री चैत्यसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आगरा के मोती लाल नेहरू रोड स्थित अतिशय क्षेत्र पीर कल्याणी नसिया जी में विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 19 जून को मनाया गया। जहां प्रभु के नित्यमह पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ भक्तों द्वारा किया गया। वहीं भक्तों ने प्रभु नेमिनाथ की वेदी की परिक्रमा लगाकर निर्वाण काण्ड का वाचनकर प्रभु के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया गयोमहोत्सव के मध्य आचार्यश्री चैत्यसागर जी महाराज ने श्रावक- श्राविकाओं को मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि जब तक आप सुखी होने के लिए आराम देने वाले संसाधनों को जुटाने में लगे रहोगे तब तक कभी सुखी नहीं हो सकते हो। संसार का हर प्राणी सुखी होने की आकांक्षा रखता है पर वह समस्त साधन जोड़कर सुख पाने का प्रयास करता है और इसी कारण सुखी होने के बजाय दु:खी होता रहता है कार्यक्रम में सहयोग पुजारी सेवा संघ एवं महिला संघ नसिया जी का रहा। आगर दिगंबर जैन परिषद के अर्थमंत्री राकेश जैन पर्दे वालों ने बताया कि आचार्य श्री चैत्यसागर जी महाराज ससंघ का मंगल चातुर्मास आगरा में होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके लिए आगरा नगर में भ्रमण चल रहा है।

रिपोर्ट शुभम जैन

# अवधपुरी में मनाया प्रभु विमलनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव-भक्तों ने चढ़ाया प्रभु को निर्वाण लाडू



आगरा. शाबाश इंडिया

आषाढ़ कृष्ण अष्टमी के दिन पदमप्रभु जिनालय परिवार अवधपुरी के अन्तर्गत वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में तेरहवें तीर्थंकर विमलनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव अवधपुरी स्थित पद्मप्रभु जिनालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम भक्तों ने प्रभु का अभिषेक एवं शांतिधारा कीजिसके बाद श्रावक-श्राविकाओं ने निर्वाण काण्ड का वाचन कर प्रभु के समक्ष निर्वाण लाडू अर्पित किया। इस अवसर इंद्रप्रकाश जैन,अजय जैन, विवेक जैन,प्रवीन जैन,नरेंद्र कुमार जैन,मनीष जैन,रवि जैन,अनिल जैन, शुभम जैन,रश्मि जैन,पुष्पा जैन, करूणा जैन,रंजना जैन,कविता जैन,शालू जैन,गीता जैन,समस्त पदमप्रभु जिनालय परिवार के सदस्य एवं समग्र जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




20 जून'25

श्रीमान सुरेंद्र कुमार -श्रीमती मृदुला जैन पांड्या

प्रमुख समाज सेवी, मुनिभक्त, भामाशाह

- राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष : दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर
- राष्ट्रीय महामंत्री : दिगंबर जैन महासमिति
- पूर्व रीजन चेयरमैन ( RC ) : लायंस क्लब इंटरनेशनल
- पूर्व अध्यक्ष: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर
- पूर्व अध्यक्ष : दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
- संरक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति
- अध्यक्ष : जन समस्या समिति , महावीर नगर
- उपाध्यक्ष : दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
- उपाध्यक्ष : श्री दिगंबर जैन महावीर शिक्षा समिति

मोबाइल नंबर 98299 63341

शुभेच्छु: समस्त परिवार जन एवम मित्रगण

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई

पता: 477, एकता ब्लॉक, महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341

# चातुर्मास में संतो की साधना के साथ समाज की ज्वलंत समस्याओ पर भी हो चिंतन

## वर्षायोग की धार्मिक फुहारों में भिगोने के साथ सामाजिक उत्थान की हो वर्षा

समाज और साधु परस्पर समानांतर चलने वाली रेखाएं हैं। जो एक दूसरे को संभालते हुए आगे बढ़ती है जब भी समाज को जरूरत होती है तो साधुओं के द्वारा ही उन्हें मार्गदर्शित किया जाता है। यू कहें कि समाज को दर्पण दिखाने का कार्य यदि कोई करता है तो वह साधु सन्त ही है। साधुओं के द्वारा कही गई बातों का समाज के प्रत्येक व्यक्ति के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और उनके वचनों के माध्यम से जीवन में आमूल चूल परिवर्तन तो आता ही है साथ ही जीवन को सटीक दिशा भी मिल जाती है। जिससे दशा में स्वयमेव ही परिवर्तन हो जाता है। सन्त ही प्रेरणा के स्रोत हैं उन्ही के माध्यम से समाज को जागृत किया जा सकता है। वर्षायोग की धार्मिक फुहारों में भिगोने के साथ सामाजिक उत्थान की हो वर्षा तभी वर्षायोग की सार्थकता है।अगले माह से अनेको शहरों,कस्बो में वर्षायोग स्थापित होने जा रहे हैं। उन सभी वर्षायोगों से स्थानीय के साथ आसपास की समाजों में बड़ा ही धार्मिक वातावरण का माहौल रहता है और कई श्रावक व श्राविकाएं इस माहौल में स्वयं को रंगने लगते हैं। बड़े आचार्य भगवंतों के सानिध्य में वृहद व राष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी सम्पन्न होते हैं ऐसे में हम संतो के माध्यम से जैन समाज की ज्वलन्त समस्याओं पर व्यापक चर्चा कर कुछ समाधान के मसौदे तय कर सकते हैं। जिससे सामाजिक उत्थान,एकता के साथ समाज मे व्याप्त हो रही समस्याओं के निराकरण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। वर्तमान में जैन समाज मे बढ़ रहे विजातीय विवाहों,जैन समाज की बेटियों को अन्य धर्मो के युवकों से विवाह कर विधर्मी होने से रोकने,लिवइन जैसी महामारी से दूर रहने जैसे ज्वलन्त विषयों के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय जैसे नाम के साथ जैन उपनाम लिखाने,बच्चों के प्रथम नामांकन व जन्म प्रमाण पत्र में जैन उपनाम जोड़ने,आगामी जनगणना में धर्म के कॉलम में जैन लिखाने के लिए जाग्रति अभियान चलाने,युवाओं को धर्म की मुख्य धारा से जोड़ने जैसे विषयों पर प्रत्येक साधु व साध्वियों को अपना मौन आवश्यक रूप से तोड़ना चाहिये।जैन हैं तो जैन लिखाएं,अपनी पहचान न छुपाएं की अवधारणा पर चिन्तन व मंथन की आवश्यकता है। साथ ही जैन तीर्थो के संवर्धन व संरक्षण हेतु आवश्यक कार्य जैसे प्रत्येक तीर्थ के दस्तावेजों का संरक्षण करना उन्हें अपडेट करवाना व बाउंड्री वाल का निर्माण कराने की प्रेरणा देना आवश्यक है। यहाँ मैं आवश्यक रूप से यह कहना चाहता हूं कि नवीन तीर्थो का निर्माण होना चाहिए किंतु हमारी विरासत व धरोहर प्राचीन तीर्थो की सुरक्षा होना भी अति आवश्यक है। आओ मिल प्रयत्न करें वर्षायोग में जैन धर्म की प्राचीनता को सिद्ध करने के लिए दृढ़ संकल्पित हों। मेरी लेखनी संतो को किसी भी कीमत पर निर्देशित नहीं कर सकती किंतु चरण वन्दन कर निवेदन तो कर सकती है की वर्षायोग की महत्वपूर्ण समयावधि में आप ज्वलंत विषयों पर अपनी बेबाक टिप्पणी रखकर समाज को प्रेरित व जागृत करने का प्रयास करें आपके श्री चरणों में बारंबार नमोस्तु।



**संजय जैन बड़जात्या, कामां,**
**राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धर्म जागृति संस्थान**

# प्रतापनगर में हुआ तीन संघों के सात संतों का वात्सल्य मिलन का दृश्य देखने उमड़े हजारों श्रद्धालु



## आज शुक्रवार, 20 जून को होगा आदित्य सागर महाराज ससंघ का श्योपुर के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की पुण्य धरा पर तीन दिगम्बर जैन संघों के सात संतों का जयकारों के बीच भव्य मिलन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 8, प्रताप नगर जयपुर की पावन धरा पर गुरुवार , 19 जून को प्रातः 2 संघों के 6 दिगम्बर जैन संतो का मंगल प्रवेश हुआ।इस मौके पर तीन संघों के सात संतों का महामिलन हुआ। श्री जैन के मुताबिक वात्सल्य रत्नाकर आचार्य 108 विमल सागर महाराज के अंतिम दीक्षित शिष्य उपाध्याय 108 ऊर्जयन्त सागर मुनिराज एवं आचार्य शशांक सागर महाराज संघ एवं श्रुत संवेगी श्रमण मुनि 108 आदित्य सागर महाराज ससंघ का महामिलन हुआ। प्रातः 7:00 बजे हजारों श्रद्धालुओं द्वारा श्रुत संवेगी श्रमण मुनि आदित्य सागर मुनिराज ससंघ की मंगल अगवानी टौक रोड पर कुम्भा मार्ग द्वार पर की गई। मुनि श्री ससंघ शोभायात्रा के रुप में मुख्य बाजार से होते हुए प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुचे जहां पूज्य आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ, उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर मुनिराज ने मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ की भव्य अगवानी की। तत्पश्चात तीनों संघों के सात संतों का महामिलन हुआ । दिगम्बर जैन धर्म के तीन संघों के सात संतों का भव्य मिलन देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर दर्शन के बाद मॉ विशुद्धमति संत भवन में धर्म सभा का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्म चन्द पराणा वाले एवं मंत्री महेश सेठी के मुताबिक इस मौके पर मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ के मंगल विहार के संघपति विकास सेठी भीलवाड़ा एवं मंगल विहार की पूरी टीम ने भगवान शांतिनाथ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया। मुनि आदित्य सागर ने अपने प्रवचन में कहा कि अभ्यास करने से जीवन में सफलता शीघ्र मिल जाती है। आपके जीवन में अभ्यास, एकाग्रता, निरन्तरता लगातार बनी रहे तभी असली सफलता मानी जाएगी। उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज ने कहा कि व्यक्ति का समर्पण,अभ्यास, श्रद्धा, ही उसे जीवन में आगे बढाती है। सफलता को प्राप्त करना सरल है किन्तु मेंटेन रखना बहुत बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि गुरु की कृपा मोक्ष से कम नहीं है। आचार्य शशांक सागर मुनिराज ने कहा कि सुख साधनों में नही साधना में है। संत का कोई पंथ नहीं होता है। संत का तो पथ होता है। इस मौके पर श्योपुर दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक बाकलीवाल ने अपने जन्मदिन पर मुनि संघ को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालन जिनेन्द्र जैन जीतू एवं बाबू लाल ईटूण्डा ने किया। मुख्य संयोजक जिनेन्द्र जैन जीतू के मुताबिक सायंकाल महा आरती, गुरु भक्ति एवं आनन्द यात्रा के आयोजन किये गये। मुनि आदित्य सागर ससंघ का शुक्रवार, 20 जून को होगा श्योपुर के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश - चांदनी गार्डन में होगी धर्म सभा।राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार, 20 जून को श्योपुर के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। अध्यक्ष दिलीप पाटनी एवं मंत्री नेमी चन्द बाकलीवाल ने बताया कि प्रातः 6.30 बजे मुनि संघ सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर हल्दी घाटी मार्ग होते हुए सैक्टर 64 के 67/38 पर बाकलीवाल सदन पहुंचेगे जहां समाज बन्धुओं एवं समाज के पूर्व अध्यक्ष मुनि भक्त अशोक - प्रेम लता बाकलीवाल, अंकित - दिव्या, देवांश बाकलीवाल परिवार द्वारा मुनि संघ की भव्य अगवानी की जाएगी।

# अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...




**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज जैन तीर्थ क्षेत्र वीरोदय मधुबन रोड, ब्लॉक बी, निर्माण विहार, प्रीत विहार, दिल्ली। विहार दरम्यान उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि दान के वो मायने खो देते हैं.. जो वक्त पर नहीं,, रो रोकर देते हैं..! एक महिला किसी उम्र बुजूर्ग के पास गई, और बोली - बाबा, कोई ऐसी ताबीज लिखकर दो, जिससे मेरे बच्चे रात को भूख से ना रोये। बुजूर्ग ने एक कागज पर कुछ लिखकर दिया। वह महिला लेकर चली गई। दूसरे दिन किसी ने पैसों से भरा थैला उसके आंगन में फैका। थैले में एक परचा निकला, जिस पर लिखा था - खुद मेहनत करो। जैसे ही उसके पति ने पर्ची को पढ़ा और एक दुकान किराए पर ले ली। अपना व्यापार शुरू कर दिया। उसका व्यापार बहुत अच्छा चलने लगा। [कहते हैं ना - भगवान जब देता है तो छप्पर फाड़कर देता है, और लेता है तो कपड़े फाड़कर लेता है] लक्ष्मी छप्पर फाड़कर आने लगी। एक दिन अचानक उस महिला की नजर अपने पुराने संदूक पर गई, जिसमें उसने बुजूर्ग के लिखे मन्त्र को रखा था। उसने वह परचा खोला और उसको जैसे ही पढ़ा - उसमें बुजूर्ग बाबा ने लिखा था - जब पैसों की तंगी खत्म हो जाये तो सारा पैसा तिजोरी में रखने की बजाए, ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज आती हो। बात बहुत गहरी है - साहस ही है जो हमें, हमारी मंजिल तक ले जाता है। इसलिए हम कहते हैं हिम्मत करोगे तो हाथी भी बांध लोगे..अन्यथः किस्मत में गधा भी नसीब नहीं होगा...!

–नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

# विमल नाथ भगवान के मोक्ष कल्याण पर निर्माण लाडू चढ़ाया

## मुनि श्री युवाचार्य श्रुतधर नंदी जी का मंगल विहार



**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

**नौगामा जिला बांसवाड़ा।** भगवान विमलनाथ के मोक्ष कल्याण के उपलक्ष्य में 1008 आदिनाथ मंदिर, भगवान महावीर समवाशरण, सुखोदय तीर्थ नसिया जी में भगवान विमल नाथ का निर्वाण लाडू बड़े भक्ति भाव से चढ़ाया गया निर्वाण लाडू चढ़ाने का प्रथम सौभाग्य नानावटी विनोद चंद्र पन्नालाल को प्राप्त हुआ इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा बड़े भक्ति भाव से भगवान विमल नाथ की पूजन की। नौगामा नगर में विराजमान युवाचार्य श्रुतनंद जी महाराज का मंगल विहार ईडर नगर गुजरात में चातुर्मास हेतु जोलना नगर की ओर हुआ मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें मनुष्य भव बड़ी मुश्किल से मिला है हमने पूर्व जन्म में कुछ अच्छे कर्म किए होंगे। उसी के कारण हमें मनुष्य जन्म मिला है हमें अच्छे पुण्य कर्म करने हैं जिससे हमें आगे भी अच्छा भव प्राप्त हो पंचम काल के बाद छठे काल में धर्म का अभाव होगा मनुष्य की उम्र मात्र 15 से 16 वर्ष की होगी छठे काल में बल आयु ऐश्वर्य सहनांन कम होते जाएंगे हिंसा आदि का प्रभाव ज्यादा रहेगा इसलिए हमें अपना जीवन इस प्रकार व्यतीत करें कि हमें छठे भाव में जन्म लेना ही नहीं पड़े और हम मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़ते जाएं। महाराज श्री ने कहा कहा कि नौगामा नगर के 52 डेरी जिनालय यह बताते हैं कि नोगामा नगरी पूर्व में धर्मप्रिय नगरी होगी उन धर्म प्रेमी बंधुओ ने यह विशालकाय जिनालय बनाया है, साथ ही महाराज श्री ने सुखोदय तीर्थ मैं नवनिर्माण अधीन भगवान मुनीसूवत नाथ का जिनालय शीघ्र बनकर तैयार हो जाए ऐसा आशीर्वाद प्रदान किया आज का संचालन भरत पंचोरी व रमेश चंद्र गांधी द्वारा किया गया उक्त जानकारी जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी द्वारा दी गई।

# एशिया केक ऑस्करर्स में जयपुर की मोनिका शाह ने जीता मास्टर केक आर्टिस्ट ऑस्कर अवॉर्ड



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पाककला एवं डिजाइनिंग आर्ट में निपुण मोनिका शाह जयपुर निवासी ने श्रीलंका में आयोजित एशिया केक ऑस्कर 2025 में भाग लेकर मास्टर केक आर्टिस्ट का प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर संपूर्ण भारत देश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में पूरे एशिया से विभिन्न बेकर्स और केक आर्टिस्ट्स ने भाग लिया था। शाह द्वारा जीता यह अवार्ड इस बात का प्रतीक है कि अगर मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और मजबूत इरादे हों – तो एक सपना, एक पहचान बन सकता है। मोनिका शाह के इस सफलता व सम्मान से परिवार,व समाज का गौरव बढ़ाया, शाह के लिए समाज व सगे सम्बन्धितों, परिचितों ने बधाइयां प्रेषित कहीं।


## श्री सुरेंद्र-श्रीमती मृदुला पांड्या

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संरक्षक



Happy Anniversary

20 जून' 25

9829963341

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या

**संस्थापक अध्यक्ष:** राकेश - समता गोदिका

**सचिव:** राजेश - रानी पाटनी

**कोषाध्यक्ष:** दिलीप - प्रमिला जैन

**सांस्कृतिक सचिव:** कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# 'मध्य प्रदेश गौरव गान' का हुआ भव्य अनावरण

## शहर के सुप्रसिद्ध गायक चिंतन बाकीवाला ने दिए स्वर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया गीत का अनावरण



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** मध्य प्रदेश के गौरव को जन-जन तक पहुंचाने और इसकी विशेषताओं से रूबरू करवाने के लिए कलाकार सी बी रॉक स्टार चिंतन बाकीवाला ने 'मध्य प्रदेश गौरव गान' गाया है। इसका लॉन्चिंग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पावन पवित्र करकमलों से किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के गौरवमयी इतिहास को देश-दुनिया तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इसके दृष्टिगत, भविष्य में इस गीत के वीडियो प्रारूप को तैयार करने और अधिक से अधिक लोगों, विशेष रूप से युवा वर्ग में वायरल करने में प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। इस गीत के गायक सी बी रॉक स्टार चिंतन बाकीवाला, संगीत संयोजक केशव राय हैं और लेखक सुरेश शर्मा हैं। चिंतन बाकीवाला ने विगत 35 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन 'पार्श्वमणि' पत्रकार कोटा को बताया कि मैंने अपने देश, शहर और मातृभाषा के लिए कई गीत गाए हैं, लेकिन मेरे मन में ये मलाल रहता था कि मैंने इस तरह का कोई प्रयास मध्य प्रदेश को लेकर नहीं किया था। इसी के चलते मैंने ये गीत गाया है।

गीत के बोल कुछ इस प्रकार हैं...

**प्यारा मध्य प्रदेश हमारा, ये समृद्ध जन-गण,**
**संस्कृति और मातृभूमि ये, संबंध सबका मन का...**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# डॉक्टर पीयूष त्रिवेदी ने लोकसभा स्पीकर को अपनी किताब भेंट की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर प्रवास के दौरान आज डॉक्टर पीयूष त्रिवेदी आयुर्वेद और एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञ ने अपनी पुस्तक लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भेंट की। उन्होंने डा त्रिवेदी को पुस्तक लेखन के साथ साथ चिकित्सा में नवीन शोध करने पर बल दिया।



# अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी में चातुर्मास के लिए मुनिश्री जय कीर्ति जी महाराज का ससंघ बैंड बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश आज

**श्री महावीर जी. शाबाश इंडिया।** अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी की पावन धरा पर धर्म चक्रवर्ती ध्यान दिवाकर मुनिश्री 108 जय कीर्ति जी महाराज ससंघ का पावन वर्षायोग 2025 चातुर्मास हेतु आज शाम 4:15 बजे श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावघुल मंदिर में बैंड बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुनिश्री जय कीर्ति जी महाराज चातुर्मास व्यवस्था समिति की संचालिका विधि विधान विशारद बाल ब्रह्मचारिणी पल्लवी दीदी एवं मुख्य समन्वयक जयकुमार जैन ने बताया कि मुनिश्री जयपुर दौसा सिकंदरा गुड़ाचंदजी नादोती सड़क मार्ग से बिहार करते हुए आज दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मंदिर में चातुर्मास हेतु विशाल जुलूस के साथ 6कस्बा स्थित श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु महिला आश्रम कृष्णाबाई जैन मंदिर से कस्बे के मुख्य बाजार होते हुए भगवान महावीर स्वामी जी के मुख्य मंदिर मैं गाजे बाजे के साथ ससंघ भव्य मंगल प्रवेश होगा। उन्होंने बताया कि मंगल प्रवेश के अवसर पर श्रावकों द्वारा मुनीश्री का पाद प्रक्षालन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुनिश्री ने विभिन्न स्थानों पर चातुर्मास कर युवा पीढ़ी को संस्कारित कर जो धर्म प्रभावना की है वह अद्भुत है।




# विश्व योग दिवस

**डॉ संध्या यादवः प्रसूती एवं स्त्री रोग विषेषज्ञ एवं मुख्य चिकित्सक, जे पी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, वाराणसी**



दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने की घोषणा की थी. हर साल दुनियाभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम रखी गई है। योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। योग के महत्व को बताने के लिए और लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी इंटरनेशनल योग दिवस मनाया जाता है। गर्भावस्था की अवस्था में महिलाओं को शारीरिक के साथ मानसिक तौर पर भी सेहतमंद रहना बहुत आवश्यक होता है। मानसिक तनाव कम करने में भी योग की अहम भूमिका है। गर्भावस्था में योग न केवल आपको स्वस्थ रहने में मदद करता है, बल्कि आपके गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। प्रेगनेंसी की पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान नियमित रूप से योग करने से महिलाओं का शरीर और मन शांत रहता है। प्रेगनेंसी की पहली तिमाही में गर्भवती महिला के शरीर में हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। इन हार्मोनल बदलावों की वजह से अक्सर महिलाओं को शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें तनाव, चिंता और कई बार मन अशांत या शरीर में असहजता का अनुभव होता है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन कुछ आसान से योगासन करने चाहिए। ये आसन गर्भवती महिलाओं की शारीरिक सेहत के साथ मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। गर्भावस्था में योग करना सुरक्षित है, बशर्ते यह किसी प्रशिक्षित योग गुरु के निर्देशन में किया जाए।



# जैन सोशल ग्रुप्स ईंट. फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के ग्रुप्स के संस्थापक अध्यक्ष, अध्यक्ष, सचिव की मीटिंग आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुरुवार दिनांक 19/6/2025 को भट्टारक जी नसियां में जैन सोशल ग्रुप इंट. फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के सभी ग्रुप्स के संस्थापक अध्यक्ष, अध्यक्ष ओर सचिव की बैठक आयोजित की गई। रीजन चेयरमैन राजीव पाटनी ने आगामी कार्यक्रमों हेतु विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात रीजन के वाईस चेयरमैन डॉ राजीव जैन ने बताया की नॉर्दर्न रीजन ओर जेएसजी महानगर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून 2025 को इंटरनेशनल योग दिवस के अवसर पर ऱ्हेल्थ इज वेल्थर कार्यक्रम का आयोजन रामबाग सर्किल स्थित एस.एस.जैन सुबोध पी जी कॉलेज में किया जायेगा। इसके बाद नॉर्दर्न रीजन के तत्वावधान में डांस जेएसजी डांस कार्यक्रम के बारे में रीजन




चेयरमैन इलेक्ट् सुभाष बज ने विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया की आगामी 29 जून 2025 को इसका प्रथम ऑडिशन राउंड एस एफ एस सामुदायिक केंद्र मानसरोवर में आयोजित किया जायेगा। इस सभा में फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष इंजीनियर राकेश जैन एवं कमल संचेती, इंटरनेशनल डायरेक्टर एवं फेडरेशन के उपाध्यक्ष महेंद्र गिरधरवाल, इंटरनेशनल डायरेक्टर राजेंद्र डाबरिया, अजय जैन एवं मंगल यात्रा एडिटर अभय कोटेचा, रीजन कोषाध्यक्ष तरुण जैन सहित जॉन कोऑर्डिनेटर एवं रीजन पदाधिकारी, चीफ जोन कोर्डिनेटर, एवं zone कोर्डिनेटर्स उपस्थित थे। इन सभी की उपस्थिति में इंटरनेशनल योगा डे एवं डांस जेएसजी डांस के पोस्टर का विमोचन किया गया।अंत मे सचिव रविंद्र बिलाला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभा समाप्ति की घोषणा की। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन ओर साथ ही साथ डांस जै एस जी डांस के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन

# युवाचार्य श्री श्रुतधर नंदी महाराज का आगमन एवं विहार

### डडूका मे संतो का प्रथम बार महामिलन, विमलनाथ निर्वाण दिवस यादगार बना दिया इस मिलन ने



**डडूका. शाबाश इंडिया।** आज प्रातः जोलाना से विहार कर डडूका पधारे प्रख्यात जैन युवाचार्य श्री श्रुतधर नंदी महाराज का डडूका में पहले से ही प्रवासरत मुनि श्री शुद्ध सागरजी महाराज से महामिलन ने आज का दिन यादगार बना दिया। आज प्रातः जब दोनों मुनि अपने अपने संयम उपकरण पिच्छिका धारण किए एक दूसरे से गले मिले तो श्रावक श्राविकाओं को भावुक कर देने वाले पल बन गए। दोनों ने एक दूसरे की कुशल क्षेम पूछ धर्म चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा को पहले मुनि शुद्ध सागरजी महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा की ये डडूका वालो का सौभाग्य है कि उनके वहां पार्श्वनाथ प्रांगण में संत मिलन हो रहा है। ऐसा मौका नसीबों से मिलता है। हम दोनों साधुओं का ऐसा ये मिलन तीसरी बार हो रहा है। पहली बार उदयपुर मिले, दूसरी बार कुशलगढ़ ओर आज तीसरी बार डडूका नगरी में पुनः मिलना हुआ है। अपने प्रवचन में युवाचार्य श्री श्रुतधर नंदी महाराज ने कहा कि संत सौभाग्य से मिलते हैं और जब गंगा घर पर आई है तो इसका लाभ आपको अवश्य उठाना चाहिए। उन्होंने प्रतिदिन देवदर्शन, रात्रि भोजन त्याग ओर पानी छानकर पीना जैनों की पहचान बताया। युवाओं और बुजुर्गों से उन्होंने छह आवश्यकों के पालन का आग्रह किया। कर्म सिद्धांत पर चर्चा करते हुए युवाचार्य ने कहा कि जो जन्मा है वो मरेगा ही फिर जब ये पता है की कुछ भी साथ नहीं आना है तो फिर क्यों पूरी जिंदगी तनाव में बिताना, मस्त रहकर प्रभु की भक्ति पूजा करते हुए ही जीवन बिताना हमारा ध्येय होना चाहिए। इससे पूर्व झड़स मोड तक जाकर जैन पाठशाला डडूका के बच्चो ने बैंड बजाते हुए, जैन युवा समिति ओर प्रभावना महिला मंडल की बहनों ने जयकारे लगाए और युवाचार्य श्रुतधर नंदी महाराज की संसंघ अगवानी की। उनकी अगवानी के लिए नगर में पहले से विराजित मुनि श्री शुद्ध सागरजी एवं क्षुल्लक श्री अकम्प सागरजी महाराज जी भी गांव से बाहर तक आए।


## श्री दिनेश-श्रीमती संगीता गंगवाल

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के परामर्शक



Happy Anniversary

20 जून' 25

9314507802

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका

सचिव: राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर